शिविर | शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया

# स्वास्थ्य ही मानव जीवन की आधारशिला है : प्रधान न्यायाधीश मिश्र



**जबलपुर, नवभारत।** विगत शनिवार को प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय परिसर में न्यायाधीशगण एवं न्यायिक कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से एक व्यापक नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में प्रधान जिला न्यायाधीश कृष्णमूर्ति मिश्र ने कहा कि स्वास्थ्य ही मानव जीवन की आधारशिला है। एक स्वस्थ व्यक्ति ही अपने दायित्वों का प्रभावी निर्वहन करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि निरंतर कार्यभार एवं मानसिक दबाव का स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, अत: समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण अत्यंत आवश्यक है। मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी ने आश्वस्त किया कि स्वास्थ्य विभाग नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि आवश्यकता पड़ने पर जिला चिकित्सालय द्वारा समुचित जांच एवं उपचार की समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर समय-समय पर आयोजित होते रहना चाहिए।

### 644 व्यक्तियों का हुआ स्वास्थ परीक्षण

कार्यक्रम का कुशल संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शक्ति वर्मा द्वारा किया गया एवं आग्रह करती हूं कि इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें। एक स्वस्थ व्यक्ति ही अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण दक्षता एवं समर्पण के साथ कर सकता है। इस शिविर में डीन, मेडिकल कॉलेज जबलपुर द्वारा गठित 12 विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम एवं शासकीय विक्टोरिया जिला चिकित्सालय, जबलपुर से 14 चिकित्सकों की टीम ने सेवाएं प्रदान कीं। इस दौरान जनरल मेडिसिन, अस्थि रोग, त्वचा एवं व्हीडी रोग, दंत चिकित्सा, न्यूरोलॉजी, मनोरोग, नेत्र रोग, शिशु रोग, कैंसर एवं नेफ्रोलॉजी सहित विभिन्न विशेषज्ञताओं के अंतर्गत कुल 644 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सिविल अस्पताल रांझी के पैथोलोजी टीम द्वारा 100 न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के रक्त परीक्षण भी किए गए। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का लाभ उठाया तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति अपनी जागरूकता एवं प्रतिबद्धता का परिचय दिया।

# अधिवक्ता और आरक्षक के बीच हाथापाई

**देर रात थाने में हंगामा**



**जबलपुर।** सिविल लाइन थाना अंतर्गत समीक्षा टाउन में शनिवार की शाम उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब मामूली बात को लेकर एक अधिवक्ता और पुलिस आरक्षक आपस में भिड़ गए। बच्चों के शोर मचाने के विरोध से शुरू हुआ यह विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों के बीच जमकर हाथापाई हुई, जिसके बाद देर रात तक सिविल लाइन थाने में वकीलों का जमावड़ा लगा रहा। आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहा। जानकारी के अनुसार समीक्षा टाउन सिविल लाइन निवासी अधिवक्ता पंकज शर्मा के घर के पास शनिवार शाम कुछ बच्चे शोर-शराबा कर रहे थे। अधिवक्ता ने बच्चों को शांत रहने के लिए कहा और शोर का विरोध किया। इसी दौरान उनके पड़ोस में रहने वाले और मदन महल थाने में पदस्थ आरक्षक संदीप तिवारी वहां पहुंच गए। देखते ही देखते बच्चों की बात पर दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बहस के दौरान आरक्षक और अधिवक्ता के बीच विवाद उग्र हो गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाए और बात हाथापाई तक पहुंच गई। कॉलोनी के बीचों-बीच हुए टकराव के बाद हंगामा खड़ा हो गया। घटना के बाद दोनों पक्ष अपनी-अपनी शिकायत लेकर सिविल लाइन थाने पहुंचे।

### थाने में जुटे अधिवक्ता, देर रात तक चलता रहा हंगामा

जैसे ही अधिवक्ता पंकज शर्मा के साथ मारपीट की खबर लगते ही बड़ी संख्या में वकील सिविल लाइन थाने पहुंच गए। पुलिस विभाग और अधिवक्ता के बीच टकराव की स्थिति निर्मित हो गई। थाने के अंदर और बाहर देर रात तक गहमागहमी और आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहा।

### वीडियो वायरल, दोनों पक्षों ने कीं शिकायतें

दोनों पक्षों के बीच हुई हाथापाई का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सिविल लाइन पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त हुए हैं। आरक्षक संदीप तिवारी और अधिवक्ता पंकज शर्मा, दोनों ने एक-दूसरे पर मारपीट और अभद्रता के आरोप लगाए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है जांच में जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# शिक्षकों ने सांसद से लगाई न्याय की गुहार

**▶ टीईटी नियमों और सेवा गणना को लेकर सौंपा ज्ञापन**



**नवभारत, जबलपुर।** संसदीय क्षेत्र जबलपुर में शिक्षकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सांसद आशीष दुबे को ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने सर्वोच्च न्यायालय के टीईटी संबंधी निर्णय के खिलाफ पुनर्विचार याचिका दायर करने, सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति से करने तथा ग्रेच्युटी सहित अन्य लाभ प्रदान करने की मांग उठाई। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 23 के तहत पूर्व नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से छूट देने, 1 सितंबर 2025 के निर्णय के विरुद्ध अध्यादेश लाने तथा पात्रता परीक्षा के लिए पर्याप्त अवसर देने की बात कही गई। सांसद आशीष दुबे ने शिक्षकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी जायज मांगों के निराकरण के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इस आंदोलन में अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जगत पटेल, अजय रजक, संध्या अवस्थी, सारिका अग्रवाल, गोविंद बिसेन, नितिन अग्रवाल, विवेक रंजन शुक्ला, प्रदीप पटेल, ज्योत्सना उपाध्याय, भूमिका पटेल, साधना डंभारे, विनीता सिंह, श्रुति जैन, सोनाली नामदेव, निशा पाठक, शैलेश पंड्या, गणेश उपाध्याय सहित सैकड़ों शिक्षक और मातृशक्ति शामिल रहे। इसके साथ ही जिले के सभी ब्लॉक व तहसील मुख्यालयों पर रैलियां निकालकर ज्ञापन सौंपे गए। आंदोलन के अगले चरण में 18 अप्रैल को भोपाल में बड़े प्रदर्शन की घोषणा की गई है।

### पिस्टल के साथ बदमाश गिरफ्तार

**जबलपुर।** गोराबाजार पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे पिस्टल, कारतूस बरामद हुआ है । टीआई संजीव कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अवैध रूप से देशी पिस्टल लेकर अपराध करने की नीयत से पिंक सिटी रोड पर घूम रहे हर्ष वर्षे 19 वर्ष निवासी शिवपुरी कजरवारा शिवपुरी को घेराबंदी कर पकड़ा गया जो तलाशी लेने पर एक पिस्टल खोंसे मिला जिसे खोलकर चैक करने पर मैग्जीन में 1 कारतूस लोड मिला। आरोपी के कब्जे से देशी पिस्टल एवं कारतूस जप्त करते हुये आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी।

# 14 ट्रेनों के कोच संरचना में स्थायी बदलाव

**जबलपुर, नवभारत।** रेलवे द्वारा यात्री सुविधा एवं मांग को देखते हुए स्थाई अस्थाई तौर पर अतिरिक्त कोच लगाए जाते है। इसी कड़ी पश्चिम मध्य रेलवे से प्रारम्भ टर्मिनेट होने वाली ट्रेनों में यात्रियों की बढ़ती मांग एवं सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कोच संरचना में आंशिक संशोधन किया गया है। मुख्यालय द्वारा अधिसूचित 14 ट्रेनों में स्थाई आधार पर 1 एसी-3 टियर कोच की जगह 1 एसी-3 इकॉनॉमी कोच को जोड़ा जाएगा।




### परिवर्तन प्रारम्भिक तिथियों से प्रभावी

1) गाड़ी संख्या 12185 रानी कमलापति-रीवा एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा तिथि 15 जून से।
2) गाड़ी संख्या 12186 रीवा-रानी कमलापति एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा तिथि 16 जून से।
3) गाड़ी संख्या 12155 रानी कमलापति-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा तिथि 17 जून से।
4) गाड़ी संख्या 12156 हजरत निजामुद्दीन-रानी कमलापति एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा तिथि 20 जून से।
5) गाड़ी संख्या 20156 नई दिल्ली-डॉ. अंबेडकर नगर एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा तिथि 18 जून से।
6) गाड़ी संख्या 20155 डॉ. अंबेडकर नगर-नई दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा तिथि 19 जून से।
7) गाड़ी संख्या 22165 भोपाल-सिंगरौली एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा तिथि 20 जून से।
8) गाड़ी संख्या 22166 सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा तिथि 23 जून से।
9) गाड़ी संख्या 22167 सिंगरौली-हजरत निजामुद्दीन एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा तिथि 21 जून से।
10) गाड़ी संख्या 22168 हजरत निजामुद्दीन-सिंगरौली एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा तिथि 22 जून से।
11) गाड़ी संख्या 11633 भोपाल-चोपन एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा तिथि 21 जून से।
12) गाड़ी संख्या 11634 चोपन-भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा तिथि 22 जून से।
13) गाड़ी संख्या 11631 भोपाल-धनबाद एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा तिथि 22 जून से।
14) गाड़ी संख्या 11632 धनबाद-भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन में यात्रा तिथि 24 जून से।

इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को अधिक किफायती एसी यात्रा सुविधा उपलब्ध कराना एवं मांग के अनुरूप बेहतर सेवा प्रदान करना है।

## एक नजर में



### डॉ. अंबेडकर जयंती पर विविध कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत, जबलपुर।** 14 अप्रैल बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं समस्त बिंग प्रकोष्ठ के द्वारा विभिन्न आयोजन संपन्न किए जाएंगे। इस संबंध में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने बताया कि कांग्रेस कार्यालय, रसल चौक में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर कांग्रेस पार्टी के द्वारा विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार 14 अप्रैल की सुबह 10 बजे अंबेडकर चौक पर बाबासाहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर कांग्रेस पार्टी द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। फिर सुबह 10 :30 बजे से 2 :00 बजे तक शहर के सभी 79 वार्डों में बाबा साहेब की प्रतिमा तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। इस कार्यक्रम में कांग्रेस के पदाधिकारी, वार्ड अध्यक्ष कार्यकर्ता एवं आम नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद शाम 4 :00 बजे विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा। यह रैली रसल चौक से प्रारंभ होकर ज्योति टॉकीज, तीन पत्ती, मालवीय चौक, लार्डगंज थाना, बड़ा फुहारा, आजाद चौक, अंधेरदेव मार्ग, विक्टोरिया अस्पताल, घंटाघर एवं हाईकोर्ट चौक होते हुए अंबेडकर चौक पहुँचेगी। अंबेडकर चौक में स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर 21 फिट की पुष्प माला से पुष्पांजलि अर्पित कर, संगोष्ठी का आयोजन कर रैली का समापन किया जाएगा। इस अवसर पर वक्ताओं द्वारा बाबा साहेब के जीवन, उनके विचारों तथा समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला जाएगा। साथ ही सभी नागरिकों से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया जाएगा।

### रेलवे की तत्परता से यात्री की बची जान



**जबलपुर, नवभारत।** दानापुर से बेंगलुरु जाने वाली संघमित्रा सुपरफास्ट एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे एक यात्री की तबीयत शनिवार की सुबह अचानक बिगड़ गई। 51 वर्षीय दिलीप शाह को सीने में तेज दर्द महसूस हुआ। जिसकी सूचना परिजनों ने ट्रेन कंडक्टर को दी जिसने तुरंत ही रेलवे कंट्रोल को जानकारी दी घटना की सूचना मिलते ही नरसिंहपुर और जबलपुर के रेलवे अधिकारियों को तत्काल अलर्ट किया गया। ट्रेन के नरसिंहपुर स्टेशन पहुंचने पर रेलवे चिकित्सक डॉ. आरआर कुर्रे ने तुरंत यात्री की जांच की और उन्हें प्राथमिक उपचार प्रदान किया। समय पर मिली चिकित्सकीय सहायता से यात्री की हालत में सुधार हुआ। आवश्यक दवाइयां देने के बाद उन्हें आगे की यात्रा जारी रखने की अनुमति दी गई।



### मनरेगा अधिकारों पर कटौती का आरोप

**नवभारत, जबलपुर।** ग्वारीघाट में आयोजित एक बैठक के दौरान राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय सचिव विवेक अवस्थी ने विभिन्न गांवों से आए मजदूरों से संवाद करते हुए सरकार पर मनरेगा योजना के अधिकारों में कटौती का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मनरेगा पहले मजदूरों का अधिकार हुआ करता था, लेकिन नई व्यवस्था के बाद यह सरकार की कृपा पर निर्भर हो गया है। विवेक अवस्थी ने सरकार से मांग की कि वर्तमान योजना को रद्द कर पुन: मनरेगा योजना को पूर्व स्वरूप में लागू किया जाए, ताकि मजदूरों के अधिकार सुरक्षित रह सकें। इस अवसर पर अजय सैनी, बंदु अहिरवार, सरमन रजक सहित अन्य साथी भी मौजूद रहे।

### हॉस्टल से छात्रा का लैपटाप चोरी

**जबलपुर।** खमरिया थाना अंतर्गत हितकारिणी कॉलेज के गर्ल्स हॉस्टल से एक छात्रा का लैपटाप चोरी हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।पुलिस के मुताबिक शनिवार को कु. यशी सिंह राठौर 22 वर्ष निवासी आमनपुर जगदलपुर छत्तीसगढ ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह जबलपुर खमरिया स्थित हितकारिणी आर्किटेक्चर एण्ड टाउन प्लैनिंग कालेज डुमना में पढती है एवं कालेज के गर्ल्स हास्टल में रहती है। कालेज में परीक्षा देकर हॉस्टल आ गयी थी शाम को देखा तो उसका लैपटाप गायब था।

# जबलपुर स्मार्ट सिटी में कर्मचारियों को नहीं मिला पीएफ लाभ

**ईपीएफ ने किया प्रबंधन को 23 लाख रुपए की रिकवरी का नोटिस जारी किया**

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड में कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) से जुड़ी गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। श्रम सुविधा पोर्टल के निर्देश पर हुए निरीक्षण में यह पाया गया कि कई कर्मचारियों को ईपीएफ योजना का लाभ नहीं दिया गया और निर्धारित समय पर अंशदान भी जमा नहीं किया गया। निरीक्षण रिपोर्ट के अनुसार संस्थान पर कुल 23,40,857 रुपए का ईपीएफ एवं अन्य देय राशि बकाया पाई गई। इसमें कर्मचारी (ईई) और नियोक्ता (ईआर) दोनों के अंशदान शामिल हैं, जो समय पर जमा नहीं किए गए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कर्मचारियों द्वारा 26 अगस्त 2025 को की गई शिकायत के आधार पर जांच शुरू की गई। निरीक्षण टीम ने 16 दिसंबर 2025, 26 मार्च 2026 और अप्रैल 2026 में संस्थान का दौरा कर रिकॉर्ड की जांच की। इस दौरान उपस्थिति रजिस्टर, वेतन विवरण, नियुक्ति पत्र और अन्य दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। लंबे समय से लंबित शिकायतों के बाद ईपीएफ कार्यालय ने जबलपुर स्मार्ट सिटी प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 23 लाख रुपए की रिकवरी का नोटिस जारी किया है।

### ब्याज और पेनल्टी भी लगेगी

क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त कार्यालय, जबलपुर ने संस्थान को निर्देश दिए हैं कि सभी पात्र कर्मचारियों को तुरंत ईपीएफ सदस्यता दी जाए और बकाया राशि शीघ्र जमा कर चालान व ईसीआर की प्रतियां प्रस्तुत की जाएं। संस्थान को चेतावनी दी गई है कि देरी के कारण धारा 7क्यू के तहत ब्याज और धारा 14बी के तहत दंडात्मक क्षति भी वसूली जाएगी।

### कई पात्र कर्मचारियों को नहीं दी ईपीएफ सदस्यता

जांच में सामने आया कि कई पात्र कर्मचारियों को ईपीएफ सदस्यता नहीं दी गई। रिपोर्ट में यह भी पाया गया कि संस्थान द्वारा प्रस्तुत वेतन संरचना और वास्तविक वेतन भुगतान में असंगति है। साथ ही उपस्थिति रिकॉर्ड भी अधूरा पाया गया, जिससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े होते हैं।

### आउटसोर्सिंग एजेंसियों की भी जांच

रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि संस्थान ने कुछ कर्मचारियों को आउटसोर्सिंग एजेंसियों के माध्यम से नियुक्त किया है। इन एजेंसियों के रिकॉर्ड और ईपीएफ अनुपालन की भी जांच के निर्देश दिए गए हैं।

### पकड़े गए छह वेंडर

**जबलपुर, नवभारत।** जैसे जैसे गर्मी प्रचंड होते जा रही वैसे वैसे ही यात्रियों को अब पानी की ज्यादा जरूरत महसूस होने लगी है। इसका फ़ायदा उठाकर अब वेंडर अनअप्रूव्ड पानी की बॉटल बेच रहे हैं। रेलवे ने जबकि पानी की जांच के बाद ही पानी बॉटल बेचने की परमिशन दी है। आरपीएफ एवं रेलवे की कॉमर्शियल विभाग टीम ने विशेष अभियान चलाया और मुख्य रेलवे स्टेशन और आउटर में जांच की। इस दौरान अनअप्रूव्ड पानी की बॉटल बेचने वाले 6 वेंडरों को पकड़ा गया और 15 पेटी पानी जब्त किया गया। इनके खिलाफ रेल अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। इस दौरान सहायक उप निरीक्षक शंकर सिंह, आरक्षक पंकज कुमार, स्टेशन प्रबंधक वाणिज्य संजय जायसवाल आदि मौजूद रहे।

**10 जुआरी गिरफ्तार, 1.6 लाख जब्त**

# भानतलैया में सजे जुआ फड़ पर छापा



**जबलपुर।** बेलबाग पुलिस ने भानतलैया मयूरकला मूर्तिकार के पास सजे जुआ फड़ पर छापा मार कार्रवाई करते हुए 10 जुआरियों को को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से 1 लाख 6 हजार रूपये जप्त किए गए। बेलबाग थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटकर ने बताया कि भानतलैया मयूरकला मूर्तिकार के पास ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं जुआरी जवाहर अहिरवार 53 वर्ष निवासी पनागर, विक्की उर्फ कृष्ण कुमार पटवा 35 वर्ष निवासी कांचघर घमापुर, सोहेल अख्तर 49 वर्ष निवासी मक्कानगर हनुमानताल, सुशील राय 36 वर्ष निवासी त्रिमूर्तिनगर गोहलपुर, प्रिंस रैकवार 18 वर्ष निवासी खाई मोहल्ला हनुमानताल, बालचंद जैन 48 वर्ष निवासी जैन मंदिर के बाजू हनुमानताल, बेड़ीलाल अहिरवार 48 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड महाराजपुर अधारताल, रितेश साहू 32 वर्ष निवासी अन्ना मोहल्ला शारदा चौक गढ़ा, राजा गुप्ता 24 वर्ष निवासी प्रेमसागर, रोहित चौधरी 22 वर्ष निवासी चौधरी मोहल्ला बेलबाग को पकड़ा गया। जुआड़ियों के पास एवं फड़ से ताश के 52 पत्ते, नगदी 1 लाख 6 हजार रूपये जप्त किए गए।

# दफ्तर में घुसकर वनरक्षकों से अभद्रता, कंप्यूटर बंद कर धमकाया

**उपद्रव मचाने वाले युवक पर एफआईआर दर्ज**

**जबलपुर।** पाटन थाना अंतर्गत वन परिक्षेत्र कार्यालय में घुसकर एक युवक ने उपद्रव मचाते हुए न केवल कंप्यूटर बंद कर सरकारी काम रुकवाया, बल्कि महिला वनरक्षक और उनके साथी को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

जानकारी के अनुसार आस्था परिसर न्यू रामनगर, अधारताल निवासी 27 वर्षीय आस्था श्रीवास्तव पाटन वन परिक्षेत्र कार्यालय में वन रक्षक के पद पर तैनात हैं। जब वह अपने साथी वनरक्षक सौरभ केशरवानी के साथ कार्यालय में शासकीय कार्य निपटा रही थीं। तभी कार्यालय के सामने रहने वाला महेन्द्र सिंह ठाकुर उर्फ अल्लू ठाकुर निवासी सिविल लाइन, पाटन अचानक दफ्तर के भीतर घुस आया। उसने बिना किसी कारण के दोनों वनरक्षकों से अभद्रता शुरू कर दिया। जब आस्था ने इसका विरोध किया, तो आरोपी और उग्र हो गया। उसने शासकीय कंप्यूटर का स्विच जबरन बंद कर दिया और चिल्लाते हुए कहा, कार्यालय बंद करो और यहाँ से भाग जाओ, नहीं तो जान से खत्म कर दूँगा। धमकी देने और शासकीय कार्य में व्यवधान डालने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी महेंद्र सिंह ठाकुर के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

बैठक | समीक्षा बैठक में अलर्ट दिखे निगमायुक्त

# पीपीटी के माध्यम से परखी गई सिटी प्रोफाइल की तैयारियां

**नवभारत, जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों एवं शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से निगम मुख्यालय में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आहूत की गई। विभिन्न वार्डों के आकस्मिक निरीक्षण के उपरांत, निगमायुक्त ने अधिकारियों को मैदानी स्तर पर कार्यक्षमता बढ़ाने और तकनीकी मानकों को पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से 'सिटी प्रोफाइल' और सर्वेक्षण के विभिन्न घटकों की वर्तमान स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया गया।इस मौके पर निगमायुक्त ने ओडीएफ, कचरा मुक्त शहर और सर्विस लेवल प्रोग्रेस के मापदंडों पर विभागीय प्रमुखों से चर्चा की। उन्होंने बताया कि दस्तावेजीकरण के साथ-साथ धरातल पर स्वच्छता का प्रभाव दिखे इस पर नियमित रूप से मोनिटरिंग रखें ।



### वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति

बैठक के दौरान अपर आयुक्त अरविंद शाह, देवेंद्र सिंह चौहान, अशफाक परवेज कुरैशी, व्ही.एन. बाजपेई, अंजू सिंह एवं मनोज श्रीवास्तव, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपायुक्त संभव अयाची सहित समस्त विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

# प्रत्याशियों द्वारा चिपकाए जा रहे बैनर, पोस्टर

**जबलपुर, नवभारत।** म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव वर्ष 2026-31 के दौरान अनेक प्रत्याशी और वर्तमान में राज्य अधिवक्ता परिषद के चुने हुए सदस्यगण भी शामिल है, वह म.प्र. उच्च न्यायालय एवं प्रदेश केलगभग सभी न्यायालय परिसरों की दीवारों पर अपने चुनाव की प्रचार सामग्री को भारी मात्रा में जगह जगहचिपकाकर न्यायालय परिसर को अपवित्र कर रहे हैं। बता दे कि चुनाव में लगभग 150 प्रत्याशीगणों के चुनावलड़ने की संभावना है अगर सभी प्रत्याशीगण इसी प्रकार से अपनी चुनाव प्रचार सामग्री न्यायालय परिसर कीदीवारों पर चिपकायेगें तो न्यायालय परिसर का क्या हाल होगा इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। ये बाते म प्र उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष डीके जैन ने राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव अधिकारी को पत्र लिखकर कही उन्होंने यह भी बताया कि कुछ प्रत्याशी न्यायालय परिसर में फार्म भरने के दौरान न्यायालयीन समयमें नारेबाजी भी कर रहे हैं। अंत में उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व में जो शिकायत म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद कीचुनाव समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई है उनका भी समुचित निराकरण नहीं किया गया है।

